UrjaMuNi
Foundation
भाव्यं दीनेषु वत्सलै:
Reg No: E/3619/Anand

01 September 2025

विधवा, निराश्रित एवं एच.आई.वी. पीड़ित बहनों के लिए ऊर्जामुनि फाउंडेशन की करुणामयी सेवा

ऊर्जामुनि फाउंडेशन, बेडवा द्वारा समाज की संवेदनशील आवश्यकताओं को समझते हुए 120 विधवा एवं निराधार व्यक्तियों को अनाज किट वितरित की गई। साथ ही 40 एच.आई.वी. पीड़ित बहनों को प्रोटीन युक्त काठोड़ (दाल/अनाज) की पोषण किट भी ससम्मान भेंट की गई।

यह वितरण केवल सहायता नहीं, बल्कि अपनत्व, सहारा और आत्मसम्मान देने का प्रयास था। जब समाज के उपेक्षित वर्गों तक सेवा पहुँचती है, तो वह केवल राहत नहीं देती – वह उन्हें जीने की एक नई ऊर्जा और आशा प्रदान करती है।

‘सेवा ही मुक्ति है’ – इस मूलमंत्र को आधार बनाकर ऊर्जामुनि फाउंडेशन निरंतर जरुरतमंदों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु कार्यरत है। यह सेवा भी उसी संकल्प का हिस्सा है, जहाँ करुणा, पोषण और सामाजिक उत्तरदायित्व एक साथ चलते हैं।

UrjaMuNi
Foundation
भाव्यं दीनेषु वत्सलैः
Reg No: E/3619/Anand

22 September 2025

वैज्ञानिक प्रदर्शनन - 2025 में बाल वैज्ञानिकों का उत्साहवर्धन ऊर्जामुनि फाउंडेशन द्वारा सम्मानित

जिला शिक्षा समिति आनंद तथा सी.आर.सी. चिखोदरा द्वारा आयोजित वैज्ञानिक प्रदर्शन में चिखोदरा पे सेंटर की 7 और रासनोल पे सेंटर की 8 — इस प्रकार कुल 15 प्राथमिक शालाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रदर्शननी के उद्घाटन अवसर पर ऊर्जामुनि फाउंडेशन को विशेष रुप से आमंत्रित किया गया।

प्रदर्शननी में भाग लेने वाले बाल वैज्ञानिकों ने अपने नवाचार, विचार और प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। इन बच्चों की जिज्ञासा और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने हेतु ऊर्जामुनि फाउंडेशन द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ऊर्जामुनि फाउंडेशन सदैव शिक्षा, नवाचार और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। ‘सेवा ही मुक्ति है’ के सिद्धांत को आधार बनाकर संस्था का यह प्रयास था कि भविष्य के इन वैज्ञानिकों को आत्मबल, प्रेरणा और सम्मान मिले — ताकि वे और ऊँचाइयाँ छू सकें।